जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल... पृष्ठ 2 | परिवहन विभाग की फिटनेस शिविर... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**


*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 07 जून 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 235, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# सरकार गठन का कल दावा पेश करेंगे मोदी 9 जून को पीएम पद की लेंगे शपथ



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को बहुमत मिलने के बाद गठबंधन सरकार के गठन की तैयारी तेज हो गई है। शुक्रवार को राजग संसदीय दल की बैठक प्रस्तावित है, जिसमें कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुना जाना है। उसके बाद राष्ट्रपति भवन जाकर दावा पेश किया जाएगा और नौ जून को मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में मोदी शपथ लेंगे।

**मंत्रिमंडल बंटवारे का फार्मूला तैयार**- बुधवार को राजग दलों के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात की थी।वहीं मोदी के नेतृत्व पर सहमति बन गई थी। लेकिन नेता सदन का चुनाव संसदीय दल की बैठक में ही होता है। शुक्रवार को वह काम पूरा हो जाएगा। बुधवार की बैठक में ही सहयोगी दलों को यह बता दिया गया था कि मंत्रिमंडल में बंटवारे को लेकर ऐसा फॉर्मूला तैयार कर लिया जाएगा जिसपर सहमति होगी।

**जदयू और टीडीपी को तीन तीन मंत्री पद**- अपुष्ट सूत्रों के अनुसार किसी नंबर फार्मूले की बजाय सभी सहयोगी दलों को उचित प्रतिनिधित्व देने की योजना है। ऐसे मे जिस दल के पास पांच तक सदस्य है उन्हें एक मंत्री पद और उनसे ज्यादा वाले जदयू और टीडीपी को तीन तीन मंत्री पद दिया जा सकता है। हालांकि इस बात की अटकलें तेज चलती रही कि इन दलों की ओर से चार मंत्री पद मांगा गया है और टीडीपी की ओर से लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी भी मांगी गई है।

**शपथ ग्रहण समारोह को लेकर बैठक**- इन मांगों को दोनों दलों में किसी ने भी औपचारिक रूप से नहीं बताया है। भाजपा सूत्रों के अनुसार भी अभी तक इन दलों की ओर से कोई मांग नहीं रखी गई है। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर गुरुवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर भी लंबी बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। इस बैठक में तैयारियों के साथ साथ चुनावी समीक्षा भी हुई।

## देश में लोकसभा-विधानसभा चुनाव के बाद हटी आचार संहिता

### अब शुरू होंगे रुके हुए सभी कार्य सरकारी कामकाज भी पकड़ेगा रफ़्तार




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद अब देश में आदर्श आचार संहिता खत्म हो गई. लोकसभा-विधानसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हट गई है. बता दें कि 16 मार्च 2024 को आम चुनाव के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तिथि से आचार संहिता लागू हुई थी. चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद आज से आचार संहिता खत्म हो गई. आचार संहिता खत्म होने के साथ अब राजकाज में तेजी आएगी. चुनाव आयोग ने आदेश जारी किए है.

## माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा गर्मी से राहत दिलाने शरबत वितरण किया गया...

**रायपुर( नांदगांव टाइम्स )।** वटसवित्री अमावस्या के पावन अवसर



पर टिकरापारा रायपुर में आज ट्रस्ट के द्वारा शरबत, वितरण किया गया । इस कार्य में अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दुबे,श्रीमती रानी साहू ,गैंदी बाई सिन्हा, श्रीमति रेणु गुप्ता,तनु,श्रद्धा और सहयोगी सभी सदस्य उपस्थित रहे।काफी संख्या में लोगो की भीड़ रही, मैनेजिन ट्रस्टी अध्यक्ष परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने सभी मातृशक्तियों को वटसवित्री पूजा की शुभकामनायें देते हुए आशीर्वाद दिए,और इस सेवा कार्य की सराहना किए।

## बाबा मरस पोटा धाम में शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



गया बाबा मरस पोटा धाम के सचिव रवि साहु ने बताया कि 6 जून शनिदेव महाराज जन्म महोत्सव के पावन पर्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया सुबह से शनिदेव महाराज जी का महा अभिषेक किया गया शनिदेव महाराज स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया पूजा अर्चना के बाद अमृत प्रसाद खिचड़ी/काली तील का लड्डु/नारियल लड्डु/चना गुड़ प्रसादी वितरण भक्तों को किया विशेष पूजा कार्यक्रम में मरस पोटाधाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव/पुरूषोत्तम साहु/ठाकुर राम/श्री मती शिरोमणि पगारे/अनमोल पगारे/दिलीप साहु/ विकास लिमजा/मुकेश निषाद/अर्जुन/चंदा निषाद पल्टुराम साहु सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

## अर्जुनी युनियन बैक का एटीएम बंद ग्राहको को हो रही है परेशानी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अर्जुनी मे युनियन बैक परिसर से



बाहर एटीएम काफी दिनो से बन्द है ।यूनियन बैंक मे अर्जुनी सहित लगभग 40 गांवो के ग्राहको का रोजाना लेनदेन करते है ।एटीएम पिछले 2 साल से बंद है लेकिन ग्राहको ने जब बंद एटीएम को चालू करने कि माग कि तो 3 माह पूर्व चालू किया था अब फिर बंद बताया जा रहा है बैक मे क्षेत्र के किसानो रोज़गार गारंटी के मजदूरो, व्यापारियो बचत खाताधारियो सहित अन्य ग्राहको को रोजाना बैक मे रूपये जमा एव निकालना पड़ता है अर्जुनी आसपास का प्रमुख व्यापारिक केन्द्र है। ग्राहको को एटीएम बन्द होने से काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। खास कर क्षेत्र के किसान और व्यापारी को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस संबंध मे बैंक मेनेजर ललित कुमार नेताम ने बताया है कि पिछले एक महीने से ए टी एम बंद पड़ा है इस संबंध में आगे संबंधित विभाग को सूचना दी जा चुकी है शीघ्र ही ए टी एम को चालू की जाएगी।

# बीजेपी ने कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमा को चूरमा बना दिया - सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज गुरुवार को भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा किलोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमा को हमारे प्रत्याशियों ने चूरमा बना दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को पटखनी देकर और चार-चार पूर्व मंत्रियों को हराकर हमारे प्रत्याशी आए हैं। मैं सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। चुनाव में जनता के आशीर्वाद से मिली ऐतिहासिक जीत के बाद जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जिस पर हम सबको खरा उतरना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली और केंद्र में भी एनडीए गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता की मुहर है। इस ऐतिहासिक परिणाम के लिए प्रदेश की जनता को धन्यवाद, बधाई एवं शुभकामनाएं।

**भाजपा कार्यकर्ताओं का किया धन्यवाद**- सीएम साय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई देते हुए कहा कि तपती गर्मी में पार्टी के कार्यकर्ता, संगठन के पदाधिकारी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं सदस्यों के कठिन परिश्रम की बदौलत हमें ऐतिहासिक परिणाम प्राप्त हुए हैं। इसके लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ। पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा की जीत का श्रेय राज्य के मंत्रियों, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को देते हुए उन्होंने कहा, कि सबके अथक मेहनत से हमनें दोनों राज्यों में भाजपा का परचम लहराया है।

**ओडिशा-झारखंड में जीत पर सीएम साय:** मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने 54 सीटों के साथ 46 प्रतिशत वोट प्राप्त किये थे और अब लोकसभा चुनाव में 6 प्रतिशत वोटों की वृद्धि हुई है, जिससे कि 68 विधानसभा सीटों में हमें जीत प्राप्त हुई है। इस पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार है और अब लोकसभा में जनता ने प्रचंड जीत दिलाकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड में भाजपा की जीत पर उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों में आयोजित जनसभा के दौरान मुझे मंच में आधे से ज्यादा हमारे छत्तीसगढ़ के नेताओं की मौजूदगी नजर आती थी। सबके प्रयासों से



दोनों राज्यों में भाजपा इस मुकाम पर पहुंची है।

**सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुआ था तो उस समय के एक्जिट पोल में भाजपा को कम सीटे मिलती बताई जा रही थी, लेकिन प्रदेश की जनता ने भाजपा को अपना भरपूर समर्थन और आशीर्वाद देते हुए प्रदेश की 54 विधानसभा सीटों पर छत्तीसगढ़ में एक मजबूत सरकार बनाने का जनादेश दिया। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किए अपने सभी वादों को प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेजी के साथ पूरा कर रही है। अब हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि पहले मिथक बन चुका था कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस का गढ़ बन गया है लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम और छत्तीसगढ़ की जनता ने उस मिथक को तोड़ दिया और भाजपा अब पंचायत, नगरीय निकाय सहित विधानसभा एवं लोकसभा मैं भी अपना परचम लहरा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी लोगों को कुशल चुनाव प्रबंधन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

**मोदी के नेतृत्व में एनडीए की मजबूत सरकार देश को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी : अजय जम्वाल**

इस मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने चुनाव प्रबंधन समिति को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को अर्जित सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने चुनाव में जो अनथक परिश्रम किया है, यह सब उसी का प्रतिफल है। आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम सब एक बार फिर देश में एनडीए की सरकार बनाने में सफल हुए हैं। जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए देश विरोधी ताकतों ने तो जी-तोड़ कोशिशें खूब की लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम के आगे वे ताकतें सफल नहीं हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर देश तेजी से विकास करेगा और एनडीए की मजबूत सरकार देश को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

**कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिले 52.5 प्रतिशत वोट : शिवरतन शर्मा**

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को लोकसभा चुनाव में शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव की सफलता के लिए 38 प्रकार की समितियाँ बनाई थीं और चुनाव में उन समितियों ने पूरे समर्पण के साथ काम करके प्रदेश की 11 में से 10 सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित की। शर्मा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिया गया लक्ष्य लोकसभा चुनाव में भाजपा ने प्राप्त किया है। हमें 51 प्रतिशत वोट पाने का लक्ष्य दिया गया था और आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से हमने छत्तीसगढ़ में 52.5 प्रतिशत वोट प्राप्त किया यानी कि विधानसभा चुनाव से 6 प्रतिशत ज्यादा वोट भाजपा को प्राप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री निवास में कौशल्या साय ने सुहागन महिलाओं के साथ की वट सावित्री की पूजा, कहा- पौधा गमले में नहीं मिट्टी में रोपें

**रायपुर।** वट सावित्री पूजा गुरुवार को राजधानी में श्रद्धा और भक्ति से की गई. सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा अर्चना की और अपने पति की दीर्घायु की कामना की. इस अवसर पर सीएम विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने सीएम हाउस में सुहागन महिलाओं के साथ वट सवित्री की पूजा की. कौशल्या साय ने सभी महिलाओं को पर्व की



शुभकामनाएं दी. अपने संदेश में उन्होंने कहा कि वट सावित्री की पूजा हमारे लिए प्रकृति की पूजा करने जैसी है, आज के दिन हम यही संदेश देंगे कि प्रकृति की रक्षा करें और मेरी आप सभी से विनम्र प्रार्थना है कि पौधा गमले में नहीं मिट्टी में रोपें, क्योंकि गमले का पौधा तो गमले तक सीमित होता है और मिट्टी में रोपा गया पौधा आपकी आने वाली पीढ़ियों तक जाएगा, आपको फल, फूल और छाया देने के साथ ही प्रकृति को संतुलित रखेगा.

## 7 दिवसीय आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**डोंगरगांव ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय



उप सेवा केंद्र राज ऋषि भवन डोंगरगांव द्वारा ग्राम दर्री मे राजयोग मेडिटेशन आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन सायं 8 बजे से 10 बजे तक 7 दिवसीय कार्यकाम रखा गया है जिसमे कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रह्माकुमारी भारती बहन ... सरपंच.दर्री दिलीप भाई खम्मन सिंह राजपूत लक्मण सिँह राजपूत ग्राम पटेल तुका राम सिन्हा ताम्रज ध्वज सिन्हा अमित सिंह चुम्मन सिंह विष्णु भारत धव्ज संतोष सिन्हा मालती टामिन दिव्यानी वारके रमेश साहू नन्द कुमार पटेल गिरीश साहू लालदास साहू हरीश द्विवेदी हरचंद्र ठाकुर सिखर साहू आशा बहन मधु साहू प्रभा द्विवेदी सूरज भाई आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

# अमित शाह, जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह की बैठक, सरकार गठन को लेकर चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्र में सरकार गठन की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पार्टी नेताओं के साथ एक अहम और महत्वपूर्ण बैठक कर रहे हैं। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर चल रही बैठक में अमित शाह और राजनाथ सिंह के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष एवं राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े सहित कई अन्य नेता मौजूद हैं। माना जा रहा है कि जेपी नड्डा के आवास पर चल रही बैठक में एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों के साथ-साथ मोदी मंत्रिमंडल की रूपरेखा पर भी चर्चा हो सकती है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में एनडीए के सहयोगियों की भूमिका काफी अहम हो गई है। इसलिए भाजपा को मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या और विभागों के आवंटन को लेकर ऐसा फॉर्मूला बनाना पड़ेगा, जिससे सभी दल संतुष्ट हो सके। आपको बता दें कि शुक्रवार 7 जून को भाजपा



संसदीय दल की बैठक होनी है, जिसमें भाजपा के सभी सांसद मिलकर नरेंद्र मोदी को पार्टी के संसदीय दल का नेता चुनेंगे। भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री, विभिन्न राज्यों से जुड़े भाजपा के वे नेता जो विधानसभा में नेता विपक्ष के तौर पर काम कर रहे हैं सहित पार्टी के कई अन्य नेता भी बैठक में मौजूद रह सकते हैं। शुक्रवार को ही एनडीए गठबंधन के सभी सांसदों की भी बैठक हो सकती है जिसमें नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद एनडीए नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। बताया जा रहा है कि 8 जून को नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। भाजपा ने अपने सभी मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को भी 7 जून की महत्वपूर्ण बैठक के लिए दिल्ली बुलाया है। लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा के लिए 7 जून को भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की भी अहम बैठक होने की संभावना है।

nandgaon times june-07-02.qxd 6/6/2024 11:57 PM Page 2



# जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विरूद्ध की गई कार्रवाई




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ द्वारा जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत पंजीयन तीन माह के लिए निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव विरूद्ध कैलाश नगर निवासी श्री हिरालाल साहू द्वारा माताजी मरीज श्रीमती टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा आयुष्मान कार्ड से निकालने एवं मरीज का आयुष्मान कार्ड से ईलाज होने के बाद भी नगद राशि लिए जाने के संबंध में शिकायत की गई थी।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने प्राप्त शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने शिकायत की जांच के लिए जिला नोडल अधिकारी (आयुष्मान भारत) डॉ. बीएल तुलावी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय टीम द्वारा मामले की जांच की गई। टीम द्वारा शिकायतकर्ता श्री हिरालाल साहू एवं अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का बयान लिया गया। प्राप्त साक्ष्यों की जांच करने पर स्पष्ट हुआ कि अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव द्वारा मरीज श्रीमती टोमन बाई साहू को अस्पताल के जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू वार्ड का पैसा मरीज के आयुष्मान कार्ड से ब्लॉकिंग किया गया हैं। साथ ही मरीज के परिजन द्वारा दो यूनिट ब्लड बिलासा ब्लड बैंक राजनांदगांव से स्वयं के व्यय पर लाया गया। इसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के आयुष्मान कार्ड से दो यूनिट ब्लड ट्रांसफ्यूजन किये जाने हेतु योजनांतर्गत ब्लॉकिंग किया गया हैं। इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीज के परिजन से जांच हेतु नगद राशि भी लिया गया हैं, जो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत शासन द्वारा निर्धारित नियम के विरूद्ध हैं। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ रायपुर को जिला स्तरीय गठित टीम द्वारा जांच प्रतिवेदन तैयार कर जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत पंजीयन 3 माह हेतु निलंबित किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया था। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़




रायपुर द्वारा जिला स्तरीय गठित जांच समिति द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन के आधार पर अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल स्टेडियम रोड बसंतपुर राजनांदगांव को पत्र जारी कर योजना के दिशा-निर्देशानुसार मरीज के परिजनों से ली गई अतिरिक्त नगद राशि वापस करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही अस्पताल का योजनांतर्गत पंजीयन आगामी 3 माह के लिए निलंबित किया गया हैं। अस्पताल संचालक जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव को निलंबन अवधि के दौरान अस्पताल में उपयोग की जाने वाली योजना संबंधी समस्त प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने एवं योजनांतर्गत नये क्लेम प्रकरण पंजीकृत नहीं करने हेतु भी निर्देशित किया गया हैं।

# वृक्ष गंगा ग्रुप ग्रुप की बैठक अग्रसेन भवन में संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वृक्ष गंगा ग्रुप की बैठक राजनांदगांव शहर में वृक्षारोपण करने हेतु ग्रुप सदस्यों के साथ तीन जून 2024 को अग्रसेन भवन राजनांदगांव में बैठक की जिसमें सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण हेतु अपनी सहमति एवं सुझाव दिये। जिसमें सर्व सम्मित से अधोउल्लेखित निर्णय लिया गया। 1. घरों में गमला रखकर लता वाले पौधें रोपण कर घर के ऊपर चढ़ाना ताकि हरियाली बनी रहे। 2. घरों के पास वृक्ष लगाना। 3. तालाब के किराये वृक्षारोपण करना। (रानीसागर स्थित संजृन भवन) 4. राजीव नगर वार्ड नं. 42 में सर्व समाज के भवन में दो एकड़ बॉऊड्रीबॉल के किनारे वृक्ष लगाना। 5. मंगल भवन शिवनाथ कॉलोनी के खाली जगह पर वृक्ष लगाना। 6. स्कूलों में वृक्षारोपण करना जिसकी जवाबदारी शिक्षक एवं विद्यार्थी को देना चूंकि पर्यावरण का एक कोर्स होता है। जिस पर बालक को अंक दिया जाता है। 7. इस संबंध में कलेक्टर डी.एफओ. जिला - पंचायत सी.ओ. एवं नगर निगम आयुक्त से मिलकर नगर के हित में कार्य को संपादित करवाना। 8. बांघनदी से अंजोरा जो पेड़ लगे थे जिस कंपनी ने रोड़ बनाने का ठेका लिया उसमें यह शर्त थी लगे हुए वृक्ष के जगह पर तीन गुना वृक्ष लगाना किन्तु कंपनी द्वारा पूर्ण रूप से वृक्ष नहीं लगाया गया इस संबंध में समिति ने जनहित याचिका न्यायालय में दायर करने का निर्णय लिया। उक्त बैठक में डॉ. ताराचंद सोनी, शिव वर्मा, अमलेन्दु हाजरा, राकेश ठाकुर, शैलेष तिवारी, दिलीप गुप्ता, गिरीश ठक्कर, राजेन्द्र यादव, विनोद यादव, छम्मन देवांगन, अधिवक्ता हेमंत वैष्णव, प्रताप सिंग चौहान, राजेश सोनी, आनंद वर्गीस, अशोक चौखान्द्रे, मनहरण देवांगन, भीकम यादव, भागवत देवांगन, महेश साहू, नरेन्द्र तावड़े, उपस्थित थे। उक्त जानकारी ग्रुप संयोजक रमेश प्रसाद पुरोहित ने दी।

## विभिन्न प्रवर्गों के श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत विभिन्न प्रवर्गों के श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। विभागों से संबंधित प्रवर्गों में श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने कहा गया है। जिसके तहत बुनकर, कचरा बिनने वाले, फूटकर सब्जी, फल-फूल विक्रेता, सफाई कामगार, वनोपज में लगे मजदूर, मछुआरा, पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पलन, बतख पालन में करने वाले एवं मजदूर खेतीहर मजदूर, मितानीन, रसोईया, सामाचार-पत्र बांटने वाले हॉकर, कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, मोची, नाई, धोबी सहित अन्य प्रवर्ग में कार्य करने वाले श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन लोक सेवा केन्द्र अथवा श्रमेय ऐप (मोबाईल ऐप) के माध्यम से पंजीयन किया जा सकता है। पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदनों में आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक, लाईव फोटो, आय प्रमाण पत्र, भूमि रकबा प्रमाण पत्र को अपलोड करना अनिवार्य है।

## राइस मिल शिव मन्दिर में शिवमहापुराण...

**किरनापुर ( नांदगांव टाइम्स )।** बढ़ते तापमान से मुक्ति दिलाने, विशेष यजमान की मनोकामना पूर्ण होने, गांव से लेकर शहर तक सुख, समृद्धि, विकास, केन्द्र में विरोधियों की शक्ति क्षीण होने,सारे विश्व में शांति हेतु राइस मिल स्थित शिव मंदिर में श्री शिवमहापुराण कथा का प्रथम दिन शिव पुराण का माहात्म्य सवनी आश्रम, वार्ड नंबर, 19, सोनपुरी के सुप्रसिद्ध पुराण वाचक एवं अनेकों प्रकार की सिद्धियों से सिद्ध महापुरुष, गीत, संगीत , खेलकूद में प्रवीण पंडित नरेन्द्र कुमार शुक्ल द्वारा बड़े सहज ढंग से समझाया गया।कल दूसरे दिन शुक्रवार को प्रात: नौ बजे से बारह बजे तक एवं सायं चार बजे से छ: बजे तक संगीतमयी भजन एवं कथाएं, वार्ड नंबर 123की महिलाओं द्वारा भजनों कार्यक्रम भी होगा एवं प्रसादी वितरण। भोलेनाथ सभी का कल्याण करें।



## सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार के लिए सूचना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** न्यायालय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी दिवाला एवं दिवालियापन संहिता के तहत परिसमापन के अधीन प्रक्रियाधीन है। श्री पवन कुमार गोयल को सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड का परिसमापक नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा कंपनी के संपत्तियों का आधिपत्य प्राप्त कर नियमानुसार उसका निस्तारण करते हुए निवेशकों को राशि लौटाने की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सनसाईन इन्फ्राबिल्ड कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के निवेशक व वित्तीय लेनदार प्रारूप घ में अपने दावों का प्रमाण-पत्र पीके गोयल एवं एसोसिएट्स 304 डीआर चेम्बर्स 12-56 डीबी गुप्ता रोड करोलबाग नई दिल्ली-5 पर प्रेषित कर सकते है। इनका ऑफिस फोन नंबर 45660808 एवं मोबाईन नंबर 9313502143 है। आवेदन पत्र का प्रारूप लोक सेवा केन्द्रों से प्राप्त किया जा सकता है।

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव 20 अगस्त तक आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार के लिए ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। जिले के योग्य एवं पात्र व्यक्तियों से पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में 20 अगस्त 2024 तक जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन नामांकन व सिफारिश की क्रमवार प्रक्रिया पोर्टल पर बताई गई है। पद्म पुरस्कारों से संबंधित विधान एवं नियमावली वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन आज से रायपुर में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शैक्षणिक संस्था लक्ष्य छत्तीसगढ़ के द्वारा 7 से 9 जून 2024 तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य बच्चों को शैक्षिक बौद्धिक और सामाजिक ज्ञान देकर उनका व्यक्तित्व विकास करना है। सम्मेलन में राज्य के 200 युवा प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम 7 जून को सेराखेड़ी रायपुर, 8 जून को सेराखेडी रायपुर और 9 जून को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर रायपुर में आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में अतिथि एवं वक्तागण कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप जी, संयुक्त आयुक्त अमरपाल सिंह लोधी, पूर्व प्रभारी कुलपति डॉ. सत्येंद्र सेंगर, डॉ अवधेश पटेल, सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश चंदेल होंगे।

**शुभांक**

**1-6-9**

**113-5 599-3**

**भाग्यांक**

**455-4 137-1**

# सांसद संतोष पाण्डेय की जीत से कार्यकर्ताओ में दिखा उत्साह

## ढोल धमाके, मिठाई बांट, आतिशबाजी कर मनाई खुशी

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नरेंद्र मोदी जी एवम संतोष पाण्डेय की जीत की कार्यकर्ताओ नरेंद्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने एवम संतोष पाण्डेय जी के दोबारा सांसद बनने पर भारतीय जनता पार्टी शहर के कार्यकर्ताओ ने आतिशबाजी कर पटाखे फोड़ मिठाई बांटकर ढोल धमांके के साथ लोगो का अभिवादन किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा के समन्यवक व पूर्व विधायक विनोद खांडेकर,सुरेंद्र बनोआना,प्रदीप बाघ,हरविंदर सिंह मगे, रविंदर पाल सीटे,तुलसी मिश्रा,सुषमा कोठरी,परविंदर सिंह मोंटी,संतोष राव,प्रिंस कक्कड़, अखिलेश यादव,सुमित धमगाए,रामकुमार गडेवाल,,मीना मिश्रा,कमलेश डडसेना,वीरेंद्र साहु,मनीष चक्रबर्ती,सावन टेम्भुरकर, श्याम आश्रय सिंह राजपूत, ईश्वर चौधरी, शिवा यादव, मयंक डोंगरे, नरेंद्र पटेल, विजय भगत, दशरथ निषाद, आर.एस.एन. मूर्ति, डी.पी शर्मा,आशिया बेगम, श्याम सुंदर नरेड़ी,सुरेश मरकाम, महेंद्र त्रिपाठी,अजय शर्मा, ललित शर्मा, कमलेश धमगाये, संतोष देवांगन, विजय सिंह भोला, गिरीश साहू,सोमांशु गजेंद्र,अशोक सेन,जय देवांगन,डिकेश राव,रिया साहू, मंगतीन यादव,रेणुका सिरसाम, ठागिया ऊइके, पूर्वा साहू,शंकुतला सिन्हा, पंच बाई,जानकी साहू,रामप्यारी साहू,सेवती मानिकपुरी,रामबाई यादव,तनुजा सिन्हा,संध्या साहू,विजय सिंह भोला,प्रीति चमन समुंद्रे आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## आंगनबाड़ी से स्मार्ट टीवी व गैस सिलेण्डर की चोरी

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणभरदा के आंगनबाड़ी केन्द्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र वहां लगे स्मार्ट टीवी व गैस सिलेण्डर को चोरी कर फरार हो गये। मामला बीते महिने अप्रैल का है, जिसकी रिपोर्ट अब जाकर दर्ज करवाई गई है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम लक्ष्मणभरदा आंगनबाड़ी केन्द्र एक की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीराबाई साहू ने पुलिस में शिकायत दर्ज करके बताया कि रोज की तरह 19 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे आंगनबाड़ी को सुचारू रूप से चलाने सहायिका के साथ खोले थ जो कि कार्य संपन्न होने के बाद दोपहर 3.30 बजे केन्द्र को ताला बंद करके अपने अपने घर चले गये थे। दूसरे दिन 20 अप्रैल को सुबह 8.30 बजे सहायिका ने फोन करके जानकारी दी कि वह सुबह 8 बजे जब आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने पहुंची तो आंगनबाड़ी के मेन गेट का दरवाजा खुला है और उसमें लगा ताला टूटा हुआ है। सूचना पर आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर देखने पर केन्द्र में रखा स्मार्ट टीवी कीमती 10 हजार 5 सौ रू. तथा कीचन में रखा एचपी गैस सिलेण्डर कीमती दो हजार रू. अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। बाद में इसकी जानकारी ग्राम के मुखिया भूषण नेताम तथा दुलारू राम नायक को दी गई। चोरी गये सामान की आसपास पतासाजी करने पर भी जब जानकारी नहीं मिली तब थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की 380 व 457 के तहत् मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# छत्तीसगढ़ में लोकसभा की ऐतिहासिक 10 सीट की जीत की बधाई देने मुख्यमंत्री से मिलने पहुँचे युवराज निवेन्द्र सिंह टेकाम

## आदिवासी समाज में मोदी की गारंटी और साय सरकार की योजनाओं को लगातार पहुँचाया, परिणाम 10 सीट में विजय

**दल्लीराजहरा ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिल कर पूरे प्रदेश में लोकसभा की ऐतिहासिक 10 सीट में जीत की बधाई देने डौन्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के राज परिवार स्व. लाल महेंद्र सिंह टेकाम के पुत्र युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम के साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा स्वाधीन जैन,युवा नेता जयदीप गुप्ता, युवा नेता निखिल शर्मा पहुँचे। क्षेत्र के ग्रामीणों एवम कार्यकर्ताओ ने बताया कि डौन्डी लोहारा विधानसभा क्षेत्र के राज परिवार के युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम एवम उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा लगातार क्षेत्र के गांव गांव में दौरा करके आदिवासी समाज के लोगो के साथ बैठक करके लोगो को मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं को अंतिम लोगो तक पहुंचने का काम निरंतर किया है।जिसका परिणाम स्वरूप कांकेर लोकसभा में भोजराज नाग को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। राज परिवार जो कि गोड आदिवासी समाज में अपना एक अलग पकड़ रखती है। उसी का परिणाम लोकसभा चुनाव में देखने मिला कि आदिवासी समुदाय के लोगो ने आगे आकर राज परिवार के युवराज निवेन्द्र सिंह टेकाम के साथ कंधा से कंधा मिलाकर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



## विकासखंड अंबागढ़ चौकी में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत अम्बागढ़ चौकी के सभी ग्राम पंचायतों में गतदिवस 05 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। अमृत सरोवर वाले ग्राम पंचायत खुर्सीटिकुल, सिंघाभेड़ी, गोपलिनचुवा, तुमड़ीकसा में विषेष रूप से वृक्षारोपण कर, जन जागरूकता, जैव विविधता तथा जल के महत्व को समझाने हेतु कार्य का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत कचरा कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के एवं यूजर चार्ज सभी घर, व्यवसायिक परिसर से लिए जाने हेतु जागरूकता के साथ सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शपथ एवं तालाब के आसपास साफ सफाई किया गया।

# फेडरेशन ने चार सूत्रीय मांग को लेकर डीईओ को ज्ञापन सौंपा

## भीषण गर्मी को देखते हुए आफलाइन स्तरुह प्रशिक्षण को स्थगित करने की मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन जिला ईकाई राजनांदगांव द्वारा चार सूत्रीय मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू के नेतृत्व में आदित्य खरे सहायक संचालक को सौंपे ज्ञापन में सहायक शिक्षक से प्राथमिक प्रधान पाठक पद पर अतिशीघ्र पदोन्नति आदेश जारी करने,संभाग स्तरीय प्रशिक्षित स्नातकोत्तर/ प्रधान पाठक प्राथमिक शाला ईसंवर्ग 01-04-2024 की वरिष्ठता सूची में नाम शामिल करने, सेवा पुस्तिका,जीपीएफ पासबुक संधारण करने बाबत् एवं भीषण गर्मी को देखते हुए स्तरुह आफ्लाइन प्रशिक्षण को स्थगित करने संबंधी मांग सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष रमेश कुमार साहू, मिलन साहू प्रांतीय पदाधिकारी ओमप्रकाश साहू जिला संयोजक, ललित प्रताप सिंह जिला संयोजक, प्यारेलाल लाल साहू,बंदीश नेम पांडे, अमीन कुरैशी, विष्णु प्रसाद साहू, प्रदीप कुमार ध्रुव, सोनेश्री पाटिल, लक्ष्मण भगत,मनमोहन डडसेना, जितेन्द्र कुमार हिरवानी, राकेश कुमार खोबरागडे उपस्थित थे।



## ज्ञान मंथन

*1) अंतरिम सरकार में गृह, सूचना एवं प्रसारण मंत्री कौन थे?*

*2) सशस्त्र सेना झंडा दिवस कब मनाया जाता है?*

*3) अरूणाचल प्रदेश के बाद ई-कैबिनेट प्रणाली शुरू करने वाला दूसरा उत्तर-पूर्व राज्य कौन सा है?*

*4) किस देश में दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क है?*

*5) किसे टाइम मैगजीन द्वारा पर्सन ऑफ द ईयर नामित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) सरदार वल्लभ भाई पटेल (2) 7 दिसंबर (3) त्रिपुरा (4) ब्राजील (5) टेलर स्विफ्ट

# परिवहन विभाग की फिटनेस शिविर में 118 स्कूल बसों का किया गया जांच

## जांच में कमी पाए गए बसों को 13 जून को फिर से पिटनेस जांच कराने कहा





**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के सभी 34 निजी स्कूल बसों की फिटनेश जांच की गई। जिला परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने पीजी कॉलेज मैदान में शिविर लगाकर 118 स्कूल बसों के फिटनेश जांच की। परिवहन विभाग की इस जांच में विभाग को 106 बस सहीं पाया गया। जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू ने जांच के दौरान कमी पाए गए बसों को सुधार कर फिर से 13 जून को फिटनेश जांच कराने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने हाल ही मे जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परिवहन विभाग को नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए थे।

जिला परिवहन अधिकारी श्री मोहन साहू ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश के परिपालन मे आज परिवहन विभाग और यातायात पुलिस द्वारा स्कूल प्रारंभ होने से पूर्व पीजी कॉलेज मैदान कवर्धा में शिविर लगाकर स्कूल बसों की माननीय उच्चतम न्यायलय के गाइडलाईन के अनुसार फिटनेस संबंधी जांच की गई। इसमे वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। जांच के दौरान यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण खलखों, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस



के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिला परिवहन अधिकारी श्री साहू ने बताया कि 6 जून को स्कूल प्रारंभ होने से पूर्व कबीरधाम जिले के अंतर्गत माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देश के अनुसार स्कूल बसों को पीजी कॉलेज मैदान में जांच की गई। जांच के लिए 34 स्कूलों से कुल 118 स्कूल बस उपस्थित हुए, जिसमें 106 बस सही पाया गया। उन्होंने बताया कि 7 बस में कैमरा, स्पीड गवर्नर तथा अन्य कमियों के कारण ठीक कराकर 7 दिवस के भीतर पुन: जांच कराने के लिए निर्देशित किया गया। जांच के दौरान 5 बस का परमिट समाप्त पाया गया, जिसे नवीनीकरण कराने के पश्चात संचालन करने के संबंध में निर्देश दिए। स्कूल बस जांच करने के साथ-साथ चालक परिचालक को यातायात नियम के संबंध में जानकारी दी गई तथा अन्य सुरक्षा उपाय के साथ नियमों को ध्यान में रखते हुए पूर्ण दस्तावेज के साथ सुरक्षित वाहन चलाने संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कमी पाए गए स्कूल बस और उपस्थित नहीं हुए स्कूल बसो को दिनांक 13 जून को पीजी कॉलेज मैदान में जांच किया जाएगा।

## सनातन धर्म महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बने सदैव सेवा में अग्रणी सौरभ खंडेलवाल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ सनातन धर्म महासभा की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक द्वारा संस्कारधानी राजनादगांव सनातन धर्म के रक्षक सौरभ खंडेलवाल को उनकी सनातन धर्म के प्रति सक्रियता को देखते हुए राजनांदगांव सनातन धर्म महासभा नवयुवक मंडल का छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देते हुए सनातन धर्म प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति करते हुए सनातन धर्म को सभी सनातनियों के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी दिया गया। राजनांदगांव शहर में शीघ्र ही सौरभ खंडेलवाल को शहर नवयुवक मंडल की सनातन सेना बनाने की जिम्मेदारी देते हुए इस शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक प्रदेश महामंत्री प्रियंक सोनी प्रदेश महिला अध्यक्ष मौसमी शर्मा प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह प्रदेश सचिव ममता शर्मा जिला अध्यक्ष ममता सोनी शहर अध्यक्ष अनुराधा लोहिया नियुक्ति पत्र देते हुए एवं मंजू लता जोशी, दीपा गुरु, सविता जोशी मधु अग्रवाल बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## युवा किसान एनेश्वर वर्मा को नवोन्मेषी किसान पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा संस्थान) के तत्वावधान में 6 जून 2024 को नई दिल्ली के डॉ. बीपी पाल ऑडिटोरियम में देशभर के प्रगतिशील किसानों का सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राजनांदगांव के युवा किसान एनेश्वर वर्मा को नवोन्मेषी किसान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस राष्ट्रीय पुरस्कार से पूरा छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है। गौरतलब है कि एनेश्वर वर्मा का खेत किसी प्रयोगशाला से कम नहीं है। यहां हर दिन किसान नई जानकारी लेने आते रहते हैं। आज वे अपने जिले में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में प्रगतिशील किसान के रूप में जाने जाते हैं। उन्हें यह सम्मान मिलने पर छत्तीसगढ़ी वासियों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।



## पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की सयुक्त बैठक दिनांक 10 जून को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छ.ग. प्रदेश की प्रदेश, जिला, तहसील एवं नगर की संयुक्त बैठक दिनांक 10/06/2024 दिन सोमवार को 12:30 दिन से पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गई है। बैठक में प्रांतीय चुनाव हेतु मतदाता सूची जिला एवं तहसील से मांगी जावेगी तथा आगे का कार्यक्रम निर्धारित किया जाएगा। नए सदस्यों का सम्मान किया जावेगा एवं इस माह में जिन सदस्यों का जन्मदिन है उनका जन्मदिन मनाया जावेगा।

## दिव्यांगजनों के लिए 19 जून से 31 जुलाई 2024 तक शिविर

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों का चिन्हांकन, मूल्यांकन, परीक्षण, प्रमाणीकरण एवं विशिष्ट पहचान पत्र बनाने एवं पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन तथा विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 19 जून से 31 जुलाई 2024 तक सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जनपद पंचायतवार शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दिव्यांगजनों की शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृद्धि करने के लिए दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 19 जून 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 26 जून 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़, जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत 29 जून 2024 तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी, जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 3 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 10 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेलरगोंदी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 20 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबहादुर नगर, जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत 24 जुलाई 2024 को 24 जुलाई 2024 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 31 जुलाई 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिवों को शिविर का प्रचार-प्रसार करने तथा दिव्यांगजनों को निकट के शिविर स्थल पर लाने व ले जाने के निर्देश दिए हैं।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई 2024 तक ऑनलाईन नामांकन व आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त देश के बच्चों को बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवाओं, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला, संस्कृति और नवाचार में उनकी असाधारण प्रतिभा और उपलब्धियों एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार अंतर्गत प्रत्येक पुरस्कार प्राप्तकर्ता बच्चे को एक पदक, 1 लाख रूपए राशि, 10 हजार रूपए मूल्य के पुस्तक वाउचर तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए बच्चे की आयु 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम होना चाहिए। घटना या उपलब्धि आवेदन व नामांकन हेतु जारी तिथि के 2 वर्ष के भीतर होना चाहिए। आवेदक को पहले किसी भी श्रेणी में उसी पुरस्कार को प्राप्त नहीं किया हाना चाहिए। इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

## तूफान की तबाही से ठप्प बिजली आपूर्ति चंद घंटों में दुरुस्त किया दुर्ग के बिजली कर्मियों ने...




**दुर्ग।** मौसम बदलने के कारण दुर्ग जिले में आए आंधी-तूफान से लगभग 2 दर्जन स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं बिजली लाइनों पर गिर गई थी। हवा के वेग से बिजली के खंभे सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। इस व्यवधान को विद्युत कर्मियों ने चंद घंटों में ही ठीक कर दिया और विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जिसके कारण रात का अंधेरा गहराने के पहले ही बिजली की रोशनी लौट आई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों को सुशासन के लिए प्रेरित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए है कि जनहित से जुड़े विषयों और सेवाओं पर पूरी तत्परता से ध्यान देना है। इसके अनुपालन में विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद तथा एम.डी. पारेषण एवं वितरण श्री राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को विशेष हिदायतें दी है। यही वजह है कि 2 जून 2024 की दोपहर दुर्ग के उत्तरी क्षेत्र में जब आंधी-तूफान से क्षेत्र के सभी फीडर ट्रिप हो गए तब दुर्ग के विद्युत कर्मियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। लगभग 2 दर्जन स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर एच.टी. तथा एल.टी. लाइनों पर गिर गई थी जिन्हें खोजकर हटाया गया, साथ ही 6 बिजली खंभे, 33 के.व्ही. क्षमता का 1 नग, 11 के.व्ही. क्षमता के 5 नग, सहित अनेक फीडर ब्रेक-डाउन का शिकार हो गए। इस घटना से 73 ट्रांसफॉर्मर के डी.ओ. फ्यूज उड़ गए तथा 123 ट्रांसफॉर्मरों के एल.टी. फ्यूज पिघल गए थे। नेहरू नगर, कोहका तथा वैशाली नगर जोन की विद्युत आपूर्ति सर्वाधिक प्रभावित हुई थी। सीमित संख्या में उपलब्ध मानव संसाधन के रणनीतिक उपयोग के द्वारा तथा निकटस्थ उपलब्ध कार्यालयों के लाइन स्टॉफकी मदद से विद्युत आपूर्ति सामान्य करने का कार्य प्रारंभ किया गया। 617 फ्यूज ऑफ कॉल कम्प्लेंट दर्ज की गयी थी। पहले सभी 11 के.व्ही. फीडर्स को सेक्शनलाइज कर अधिकतम क्षेत्र चालू किया गया उसके पश्चात् फाल्ट दुरुस्त कर शेष लाइन भी चालू की गयी। नेहरू नगर तथा कोहका जोन में डी.ओ. फ्यूज/एल.टी. फ्यूज बनाने हेतु समीप के जवाहर नगर जोन एवं एच.टी. मेंटेनेंस, दुर्ग के कर्मचारियों की सहायता से अतिरिक्त गैंग बनाकर तथा फ्यूज ऑफकॉल ठेकेदार से अतिरिक्त गैंग लेकर सीमित समयसीमा में दुरुस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

जोन के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री अपने साथ एक-एक तकनीकी कर्मचारी को लेकर अलग-अलग लाइनों में विद्युत व्यवधान को दूर किया गया। कोहका जोन के गौतम नगर में ट्रांसफॉर्मर फेल के कारण विद्युत व्यवधान हुआ जिसे रात के 8:30 बजे तक ट्रांसफॉर्मर बदलकर सामान्य किया गया। ज्यादातर उपभोक्ताओं को 2 घंटे में राहत मिल गई थी, वहीं बड़े फॉल्ट को भी रात्रि 8 बजे तक ठीक कर दिया गया।

**आपदा प्रबंधन में विद्युत कर्मियों को सहयोग करने की अपील**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण तथा वितरण कंपनी के एम.डी. श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के ऊर्जा सचिव तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष श्री पी. दयानंद द्वारा राज्य मुख्यालय स्तर पर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।



## निधन

**असमत बानो रहमान**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लेबर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 16 के निवासी एजाजुर रहमान की धर्मपत्नी श्रीमती असमत बानो रहमान का अकास्मित निधन आज दोपहर हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार रात्रि 9:00 बजे मुस्लिम कब्रिस्तान मठपारा में होना है। अंतिम यात्रा लेबर कॉलोनी से निकाली जाएगी।

## धर्म समाचार....

# 14 जून को पड़ रही है मासिक दुर्गाष्टमी, मां दुर्गा को इस तरह करें प्रसन्न




ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 13 जून 2024 को रात्रि 8 बजकर 03 मिनट पर प्रारंभ होगी। यह तिथि 14 जून को रात 10 बजकर 33 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, मां दुर्गा के लिए हर महीने मासिक दुर्गाष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस दिन व्रत करने से मां दुर्गा प्रसन्न होकर जातक पर अपना आशीर्वाद बनाएं रखती हैं। आइए, जानते हैं कि इस बार मासिक दुर्गाष्टमी का पर्व कब मनाया जाएगा और इस दिन किस तरह माता रानी की पूजा करनी चाहिए। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 13 जून 2024 को रात्रि 8 बजकर 03 मिनट पर प्रारंभ होगी। यह तिथि 14 जून को रात 10 बजकर 33 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में मासिक दुर्गाष्टमी का व्रत उदया तिथि के अनुसार, 14 जून, शुक्रवार को रखा जाएगा। इसके बाद मां दुर्गा का ध्यान करें और व्रत का संकल्प लें। मंदिर की साफ-सफाई के बाद एक चौकी पर साफलाल कपड़ा बिछाएं। इसके बाद मां दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। लाल रंग मां दुर्गा का पसंदीदा रंग माना जाता है। ऐसे में सोलह श्रृंगार का सामान, लाल चुनरी, लाल फूल आदि चढ़ाएं।

**अंत में मां दुर्गा की आरती और उनके मंत्रों का जाप करें।**

सभी लोगों में प्रसाद बांट दें।
इन मंत्रों का करें जाप
या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम: ॥
या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम: ।।
या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता,
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम: ।।
? जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।

## हनुमान चालीसा की इन चौपाइयों का रोजाना करें पाठ, जाग जाएगा सोया हुआ भाग्य

हनुमान चालीसा में तुलसीदास जी ने हनुमान जी के कई गुणों का वर्णन किया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ करने से जीवन की कई समस्याएं हल हो जाती हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं कि हनुमान चालीसा की वह कौन-सी चौपाइयां हैं जिन्हें सबसे ज्यादा शक्तिशाली माना गया है और जिनका पाठ रोजाना करना चाहिए। हिंदू धर्म के सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवों में से एक हैं। मुख्य रूप से हनुमान जी को प्रभु श्री राम के परम भक्त के रूप में जाना जाता है। हनुमान जी की कृपा प्राप्ति के लिए नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ बेहतर माना गया है। ऐसे में यदि आप किसी कारणवश संम्पूर्ण चालीसा का पाठ करने में सक्षम नहीं है, तो केवल इन चौपाइयों का पाठ करके भी हनुमान जी की कृपा का पात्र बन सकते है। हनुमान चालीसा की ये चौपाई सबसे महत्वपूर्ण चौपाइयों में से एक है। इसके अनुसार, हनुमान जी आठ सिद्धि और नौ निधियों को देने वाले देवता हैं। यह वरदान उन्हें माता सीता से प्राप्त हुआ था। ऐसे में रोजाना इस चौपाई का पाठ करने से जीवन में कई तरह की सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# लोकसभा चुनाव में 11 में 10 सीटो पर बीजेपी की जीत वही कांग्रेस को 1 सीट

**आशीष कसार**

**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ में हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के 11 सीट में से 10 सीटो पर बीजेपी ने जीत दर्ज की तो वही कांग्रेस को 1 सीट पर जीत मिली है। पुरे लोकसभा चुनाव की अगर बात करे तो राजनांदगांव लोकसभा सीट को काफी टक्कर का चुनाव माना जा रहा था क्यो की एक तरफबीजेपी से प्रत्यासी वर्तमान में सांसद रहे संतोष पांडे थे तो वही दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे इन दोनों प्रत्याशी के बीच कड़ी टक्कर रहने की बात कही जा रही थी। हाल ही में मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल के चुनाव में खड़े होने से लोगो का मानना था कि जीत का जो अंतर है वो कुछ ज्यादा नही रहेगा लेकिन चुनाव परिणाम को देखने से पता चला की जनता जनार्दन है अगर चाहें तो कुछ भी हो सकता है राजनांदगांव लोकसभा सीट पर कांग्रेस की हार ने चुनाव की कमान संभाल रहे कांग्रेस के दिग्गज नेताजी की पोल खोल कर रख दी है चुनाव के दौरान कांग्रेसी नेताओ का जनता के साथ ही मीडिया को नाराज करना भी शायद कांग्रेस की हार का कारण बना। मजेदार बात यह रही कि वर्तमान में जिन जिन विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के विधायक आसीन है वह भी उन जगहों से भी कांग्रेस को कोई खास बढ़त नही दिला पाए जिसे देखकर लगता है कि कांग्रेसियों ने खुद की नैया पार लगाने की बजाय खुद ही डुबो डाली।

**खुज्जी मोहला मानपुर विधानसभा में बीजेपी को मिली हार**

खुज्जी और मोहला मानपुर विधानसभा में हालांकि बीजेपी को हार मिली लेकिन राजनांदगांव लोकसभा के अन्य विधानसभा क्षेत्रों से मिलने वाली जीत ने संतोष पांडे को एक बार फिर सांसद का ताज पहना दिया है लेकिन खुज्जी मोहला मानपुर विधानसभा में लंबे समय से ये देखने मे आया है कि चुनाव कोई भी हो कांग्रेस का पलड़ा भारी ही रहा है और बीजेपी का पलड़ा हर बार झुक हुआ ही नजर आया है 10 से 15 सालो में जबकि केंद्र



में बीजेपी की सरकार रही है बावजूद इसके इन विधानसभा क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए सवाल यह उठता है कि आखिर कमी कहा पर रह गई होगी क्या बीजेपी इन क्षेत्रों के लोगो तक शासन की योजनाओं को या शासन की मंशा को लोगो तक पहुचाने में असमर्थ रही है क्या बीजेपी के द्वारा चुनाव में जो मेहनत करनी थी वह नही कर पाए या फिर सिर्फमोदी के चेहरे पर ही चुनाव जीतने की तैयारी थी। सवाल बहुत है बहरहाल बीजेपी को इन सब विषयों पर काफी चिंतन करने की जरूरत है

**मोहला में मनाया जश्न जीत का या फिर हार का**

मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले में मतगणना के बाद जिले के बीजेपी कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकालकर जमकर जश्न मनाया जा रहा था लेकिन यह जश्न विधानसभा में हुई करारी हार का था या लोकसभा में हुई जीत का यह समझ से परे नजर आया देखकर ऐसा लगा कि बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना हुआ जा रहा है जबकि अगर देखा जाए तो खुज्जी और मोहला मानपुर विधानसभा से बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा है मोहला मानपुर विधानसभा की अगर बात करे तो 17 राउंड की गणना में कांग्रेस लगभग 39 हजार मतों से आगे रही सिर्फ एक ही राउंड में बीजेपी ने बढ़त बनाई थी तो वही खुज्जी विधानसभा में भी 19 राउंड की गणना में भी बीजेपी का परफॉर्मेंस कुछ खास नही दिखा यहां भी कांग्रेस लगभग 14 हजार मतों से आगे रही है।जिसे देखकर लगता है कि कांग्रेस हार कर भी जीत गई और बीजेपी की जीत कर भी हारने वाली स्थिति लग रही है।

मोहला-मानपुर क्षेत्र मे कांग्रेस प्रत्यासी को बडी लीड मिली है। ये लीड और यहाँ से मिली जीत जनता जनार्दन व कार्यकर्ताओ को समर्पित है। आगे के चुनावों मे हम और ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

**अनिल मानिकपुरी, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी मोहला-मानपुर**

मोहला-मानपुर इलाके मे हार के बारे मे हम विचार करेंगे। पार्टी फोरम मे बात रखेंगे। जो परिणाम है वो निश्चित ही अपेक्षित नही है। इसमें हम गहन विचार करेंगे।

**मदन साहू, जिला भाजपाध्यक्ष, मोहला मानपुर**

## संतोष पांडे की जीत में जश्न में डूबी महिला मोर्चा

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव लोकसभा से संतोष पांडे जी के दुबारा चुनाव जीतने के बाद डोंगरगढ़



महिला मोर्चा ने फटाके फोड़ मिठाई बांट कर खुशी जाहिर की और माननीय नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर खुशी जाहिर की है। लोकसभा के परिणाम में डोंगरगढ़ विधानसभा में 11000 वोट से जितने पर महिला मोर्चा की डोंगरगढ़ शहर की अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगढ ने खुशी जाहिर करते हुए डोंगरगढ़ की विधायक को नैतिकता के नाते स्तीफा की मांग की है। इस जश्न में लक्ष्मी यादव, अनिता इंदुरकर,अचला ठाकुर,सुधा श्रीवास्तव,सुलभा सिंग,उमरावती शाह,नमिता चौबे,लक्ष्मी बोरकर, सहित महिला मोर्चा ने जश्न मनाया।

## नपा परिवार ने वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिवार सहित नगर के निर्वाचित पार्षदों के द्वारा नपा



परिसर में छायादार पौधों को रोप कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष सुदेश कुमार मेश्राम एवं सीएमओ चन्द्रकांत शर्मा, अमित कुमार छाबड़ा, (नेताप्रतिपक्ष) पार्षद हरीश मोटघरे, पार्षद श्रीमती अनिता लोकेश इंदूरकर, पार्षद पार्षदगण एवं अधिकारी कर्मचारीगणों की उपस्थिति में 05 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम कर संकल्प लिया गया कि पौधो की देख-रेख एवं पानी की समुचित व्यवस्था किया जायेगा। भीष्ण गर्मी एवं पर्यावरण की दृष्टि तथा स्वच्छ वातावरण एवं शुध्द हवा सभी को मिल सके, संकल्प लिया व लोगो को अधिक से अधिक पौधा रोपण करने प्रेरित किया गया।

# मेजर ध्यानचंद जी के स्मारक स्थल में हुई तोड़फोड़ विरोध में जिला हॉकी संघ ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में स्थानीय गौरव पथ स्थित हॉकी के जादूगर स्व.मेजर ध्यानचंद जी की स्मारक स्थल में लगे रेलिंग को विगत दिवस असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया था जिस कारण से मूर्ति स्थल में लगा हुआ रेलिंग पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया है । साथ ही स्व. मेजर ध्यानचंद ,ऐरमन बेस्टियन )ओलयम्पियंन) तथा प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ीआर एन पटेल की प्रतिमा के साथ-साथ पीछे का बैकग्राउंड भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिसके एवज में जिला हॉकी संघ के पदाधिकारीयो ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधीश महोदय के नाम ज्ञापन को संयुक्त कलेक्टर सी एल मार्कण्डेय को सौंपा और चर्चा की , इस पर



जिलाधीश महोदय द्वारा गौरव पथ स्थित स्व. मेजर ध्यानचंद जी की स्मारक स्थल को जल्द से जल्द मरम्मत कार्य करने हेतु नगर निगम को निर्देशसीत किया। इसके साथ ही जिला हॉकी संघ के पदाधिकारीयो ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा से भी इस कृत्य के लिये अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर करने की मांग करते हुए चर्चा की। श्री शर्मा ने अज्ञात आसामाजिक तत्वों के द्वारा किए गए इस कार्य के लिए बसंतपुर थाना प्रभारी को आदेशीत करते हुए जल्द से जल्द कार्यवाही करने के लिए कहा। ज्ञापन देने हेतु जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी,के साथ , सचिव शिवनारायण धकेता, उपाध्यक्ष भूषण साव, पूर्व अध्यक्ष नीलम चंद जैन, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंस भाटिया शकील अहमद, आशीष सिन्हा,अमित वर्मा, कृष्ण यादव आदि उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ शहर में बायपास अत्यंत आवश्यक : विवेक मोनू भंडारी



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शहर में आए दिन बड़ी गाड़ियों के शहर के बीचोबीच बेपरवाह तरीके से चलने के कारण डोंगरगढ़ शहर दुर्घटनाओं का शहर बनता जा रहा है।जिसके चलते आम जनता का सड़को पर निकलना खतरे से खाली नही रहा। मध्यप्रदेश महाराष्ट्र सीमा के सटे होने के कारण अक्सर देखा गया है कि बड़ी गाड़ियां अपना टोल टैक्स व दूरी कम करने के चलते दोनों राज्यो की ओर जाने वाली गाड़िया शहर के बीचों बीच से बेपरवाह तरीके से दिन रात निकलती है खास कर खैरागढ़ रोड से लेकर पुराना कालेज तक आम लोगो का लगातार आना जाना बना रहता है उसी रोड से इन गाड़ियों का लगातार धूल उड़ाते शहर की परवाह किये बिना अक्सर सरपट दौड़ते देखा जा रहा है ज्ञात हो इन रोडो पर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र केंद्रीय राज्यों के विधालयों अनेको कोचीन सेंटर का संचालन हो रहा है जिनमे रोजाना स्कूली छात्र छात्राओं का आना जाना बना रहता है। पूर्वती सरकार में भी कई बार बायपास की मांग शहर की जनता द्वारा की जा चुकी है जिस पर अब तक सिर्फ आश्वासन ही प्राप्त हो पाया था परंतु जब से राज्य में भारतीय जनता पार्टी की आम जनता की हितकारी सरकार बनी है लोगो में यह उम्मीद जाग चुकी है कि अब डोंगरगढ़ में जल्द ही बायपास निर्माण हो सकेगा उसी कड़ी में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन यादव जी से मार्गदर्शन प्राप्त कर भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी ने सारा विषय प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष श्रीमान डा रमन सिंह जी के समक्ष रखा जिस पर विषय की गभीरता जान कर जल्द ही सबंधित अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही।

## सांसद एवं पूर्व सांसद ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने



पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। पौधारोपण का यह कार्यक्रम पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2024 को स्थानीय अंबेडकर संस्कृतिक भवन, सिविल लाइन, तुलसीपुर में दोपहर के समय आयोजित किया गया। इस आयोजन में आयोजक मंडल की ओर से बौद्ध कल्याण समिति अध्यक्ष कांति फूले, भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविंद्र रामटेके, मीडिया प्रभारी मयंक मेश्राम, सदस्यगण विनोद श्रीरंगे, सुशील जायसवाल, सुनील रामटेके, बालाराम कोलटे, सुबोध मेश्राम, गोलू सूर्यवंशी, संतोष मेश्राम एवं अन्य सामाजिक बंधुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन में उपस्थित गणमान्य अतिथिद्वय द्वारा सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि की गई जिसके बाद दोनों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया और समाजिक बंधुओं को सामाजिक एकता एवं समरसता का संदेश दिया।

# वर्ण व्यवस्था के परिपालन नहीं होने से संभावित विप्लव को निरस्त करने की है आवश्यकता - पुरी शंकराचार्य

**अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाभाग स्वतन्त्रता के पूर्व के अखण्ड भारत स्वरूप के वर्तमान तक विभाजन की चर्चा करते हुये संकेत करते हैं कि श्रुति सम्मत नीति तथा अध्यात्म समन्वित परम्परा व्यासपीठ से प्रेरित तथा नियन्त्रित शासनतन्त्र, शासन तन्त्र के द्वारा संयमित वाणिज्य तन्त्र और सेवा तन्त्र सर्व सुखप्रद है ; जबकि सेवकतन्त्र के अधीन वाणिज्य तन्त्र, वाणिज्य तन्त्र के अधीन शासनतन्त्र तथा शासन तन्त्र के धर्म और मोक्ष के संस्थान आचार्य तन्त्र के कारण विप्लव पूर्ण वातावरण और विश्वयुद्ध की विभीषिका सुनिश्चित है। अत: वर्ण व्यवस्था के उलटफेर के फलस्वरूप सम्प्राप्त तथा सम्भावित विप्लव को निरस्त करने की नितान्त आवश्यकता है। स्वतन्त्रता संग्राम के चरम चरण में धर्मद्रोही शासन की दुरभि सन्धि के फलस्वरूप आर्यभूमि भारत में किन्हीं अपक्व राजनेता को ही धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में हस्तक्षेप का दायित्व दिया गया। स्वतन्त्र भारत में अब तक उनके प्रति आस्थान्वित और उनके अनुगत व्यक्ति को ही सांस्कृतिक , सामाजिक, प्रशासनिक तथा राजनैतिक धरातल पर धर्मगुरु के रूप में ख्यापित किया। देश विभाजक धर्मद्रोही वर्ग का ही स्वतन्त्र भारत में छल - बल - डण्के की चोट से व्यासपीठ तथा शासनतन्त्र पर वर्चस्व परिलक्षित है। गांधीजी, विनोबाजी , दलाईलामाजी, जयप्रकाशजी तथा अन्नाजी आदि की परियोजनाओं की विफलता तथा



विस्फोटकता का रहस्य सनातन सिद्धान्त से सुदूरता है। आर्य समाज की व्यापकता तथापि विफलता का रहस्य असैद्धान्तिक उदारता तथा सनातन वर्णाश्रम व्यवस्था में अनास्था है। लोकतान्त्रिक युग में स्वस्थ क्रान्ति के स्वरूप को स्वस्थ चित्त से समझने और क्रियान्वित करने की आवश्यकता है । 1839 ईस्वी तक गान्धार - अफगानिस्तान में महाराजा रणजीतसिंह का शासन था , तत्पश्चात अंग्रेजों ने वहाँ शासन किया। 1904 ईस्वी में उन्होंने हबीबुल्लाह नामक अमीर को वहाँ के शासक के रूप में आंशिक स्वतन्त्रता के साथ राज्य चलाने की अनुमति दी, कारण यह था कि उसने यह शर्त मान ली कि अन्तर्राष्ट्रीय और वैदेशिक मामलों में वह अंग्रेजों के अधीन रहेगा। सन् 1919 में उसके अधिकार फिर छीन लिये गये । सन् 1947 में अफगानिस्तान को पूर्ण स्वतन्त्रता प्राप्त हुई । अंग्रेजों ने भारत के भूभाग को सन् 1911 में श्रीलंका, सन् 1935 में बर्मा ( म्यामांर ) और 1947 में दो भागों में पाकिस्तान ( पाकिस्तान तथा बंगलादेश ) नाम से पृथक किया । सन् 1950 में चीन ने तिब्बत को हड़प लिया । सन् 1954 में भारत सरकार ने पश्चिम बंगाल का बेरूबाड़ी क्षेत्र पूर्वी पाकिस्तान ( बंगलादेश) को सौंपा । सन् 1958 में चीन ने भारत के सीमावर्ती क्षेत्र पर अधिकार जमा लिया । सन् 1962 में चीन ने भारत की बासठ हजार वर्गमील भूमि पर अधिकार जमा लिया । सन् 1963 में भारत सरकार ने अण्डमान नामक द्वीप समूह का सर्व नामक द्वीप वर्मा को सौंपा । सन् 1972 में भारत सरकार ने कच्चातीबू द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया। सन् 1982 - 83 में चीन ने भारत के अरूणाचल क्षेत्र के भूभाग को हड़प लिया। सन् 1992 में भारत के शासन तन्त्र ने तीन बीघा भूभाग बंगलादेश को सौंप दिया। देश के सीमावर्ती क्षेत्र के विभाजन का क्रम निरन्तर क्रियान्वित है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com